भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 361**
28/11/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

## मिशन मौसम

361. **श्री ए. ए. रहीम:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मिशन मौसम के तहत प्रत्येक राज्य में कितने रडार लगाए जाएंगे, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि केरल में कोई भी रडार कार्यशील नहीं है, जिससे राज्य में मौसम पूर्वानुमान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; और
(ग) वर्ष 2013 से राज्य में आधुनिक डॉप्लर रडार स्थापित करने के संबंध में केरल सरकार के अनुरोध को पूरा करने में देरी के क्या कारण है?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) मिशन मौसम के तहत कुल 87 डॉपलर मौसम रेडार (डीडब्ल्यूआर) स्थापित करने का प्रस्ताव है। बेहतर मौसम सेवाओं के लिए पूरे देश में पूर्ण रेडार कवरेज के लिए अंतराल क्षेत्रों की पहचान करने की प्रक्रिया चल रही है।

(ख)- (ग) वर्तमान में, केरल राज्य में 2 डीडब्ल्यूआर (कोच्चि और त्रिवेंद्रम) प्रचालनरत हैं। कोच्चि में एस-बैंड डीडब्ल्यूआर 250 किलोमीटर की प्रेक्षण सीमा के साथ 2017 से प्रचालनरत है, और तिरुवनंतपुरम में सी-बैंड डीडब्ल्यूआर 2016 से प्रचालनरत है तथा इनका उपयोग केरल राज्य में मौसम की निगरानी के लिए किया जा रहा है।

****